## खबर संक्षेप

### मरणोपरांत भी सेवाराम की आंखें देख सकेंगी

**तरावड़ी।** जीते जी रक्तदान मरणोपरांत नेत्रदान कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो जीते जी तो समाज की सेवा करते ही है मरणोपरांत भी समाज की सेवा करके चले जाते हैं उनमें से स्वः सेवाराम खुराना जिनके मरणोपरांत उनके परिवार में उनके सुपुत्रों राजेंद्र खुराना, सुभाष खुराना, सुरेश खुराना, सुरेंद्र खुराना ने अपने पिताजी के नेत्रों का दान करवाया आज रस्म पगड़ी के अवसर पर श्री शीशगंज गुरुद्वारा साहिब में नेत्रदान करने पर सस्था के प्रधान हंसराज पाहुजा ने परिवार का धन्यवाद किया गया और एक समृति चिन्ह परिवार को दिया गया इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### योग प्रतियोगिता में कृतिका प्रथम रहीं

**करनाल।** हरियाणा योग आयोग और जिला आयुर्वेद विभाग के निर्देशानुसार कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में योग क्लब की ओर से महाविद्यालय स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कृतिका ने प्रथम, बीएससी तृतीय वर्ष की जानवी ने द्वितीय तथा बीए प्रथम वर्ष की खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्राओं को योग के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों की जानकारी दी गई तथा नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### बेजुबान नंदी पर हमला इलाज के दौरान मौत

**करनाल।** हर के विकास नगर इलाके में एक बेजुबान देसी नंदी (सांड) पर तेजधार हथियार से हमला करने का एक क्रूर मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से स्थानीय कॉलोनी के लोगों में भारी रोष है। लहूलुहान हालत में नंदी को बचाने के लिए लोगों ने काफी प्रयास किए, लेकिन अत्यधिक खून बह जाने के कारण इलाज के दौरान उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अभिनंदन

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता और भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने पानीपत पहुंचकर हरियाणा भाजपा की नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को नई मजबूती और ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता का संगठन के प्रति समर्पण, कार्यकर्ताओं से संवाद और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें एक प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता बनाती है। उनके नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। पार्टी ने एक अनुभवी और कर्मठ नेतृत्व को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके मार्गदर्शन में भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगा।

## विधायक योगेंद्र राणा ने नागरिकों के साथ चलाया सफाई अभियान

# स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध/करनाल

- अभियान के दौरान मुख्य बाजारों, गलियों, नालियों, जींद चौक तथा प्रमुख मार्गों की सफाई की गई

स्वच्छ शहर-स्वस्थ लोग अभियान के तहत शनिवार को विधायक योगेंद्र राणा ने अधिकारियों, नगर पालिका कर्मचारियों, पार्षदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान मुख्य बाजारों, गलियों, नालियों, जींद चौक तथा प्रमुख मार्गों की सफाई की गई।



करनाल। असंध में स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई कार्य में भाग लेते विधायक योगेंद्र राणा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति।

विधायक ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और अपने आसपास सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध नागरिकों के स्वास्थ्य से है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो पूरे शहर की तस्वीर बदली जा सकती है। अभियान के दौरान विभिन्न बैनरों और संदेशों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नगर पालिका चेयरपर्सन सुनीता अरोड़ा, मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीण राणा, ब्लॉक समिति चेयरमैन सतीश दादूपुर, नायब तहसीलदार राधेश्याम चावला, नपा सचिव प्रदीप जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पार्षद और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका निभाए

पूर्व आईएएस बी.एस. मलिक ने भी नागरिकों को कचरे के उचित निस्तारण और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका निभाएगा।

## तरावड़ी में कई जगह छतें उड़ीं पेड़ और बिजली के खंभे गिरे

- कई जगह बिजली के खंभे भी गिरने से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

आज दोपहर अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने शहर में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर गोदामों की छतें उड़ गईं, दुकानो पर लगे बोर्ड व अजंनथली रोड़ व सडक़ों के किनारे कई पेड़ उखडक़र गिर पड़े। इसके अलावा कई जगह बिजली के खंभे भी गिरने से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई। शहर के बीचों-बीच स्थित शिव शक्ति सत्संग भवन में भी तूफान का असर देखने को मिला। यहां लंगर हाल की छत तेज हवाओं के चलते उडक़र पास की दूसरी गली में जा गिरी। छत के गिरने से बिजली के दो पोल टूट गए, जिससे आसपास के इलाके की बिजली सप्लाई तुरंत बंद हो गई। तूफान के कारण शहर में अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन राहत की बात यह रही कि अब तक किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। साथ ही, जान-माल के बड़े नुकसान की भी कोई खबर सामने नहीं आई है। शिवशक्ति सत्संग भवन के सदस्य शैड को साईड मे करके बाधित गली का रास्ता खोलने के लिये जुटे हुये थे। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिये शाम तक कोई कर्मचारी नही पहुंचा था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।



तरावड़ी। सत्संग भवन के लंगर हाल की टीन की छत गली के बीचो बीच पड़ी।

## युवक की मौत का मामला : परिजनों ने किया अंतिम संस्कार से इनकार

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विरोधाभास से बढ़ा शक, 25 मई को लापता हुआ था बॉबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के नन्हेड़ा गांव में खेतों से मिले युवक बॉबी के शव का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पीजीआई चंडीगढ़ में पोस्टमार्टम होने के बाद भी परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार नहीं हैं। परिवार का सीधा आरोप है कि पुलिस इस मामले में सही तरीके से कार्रवाई नहीं कर रही है, क्योंकि इसमें सत्ताधारी दल से जुड़े एक भाजपा मंडल अध्यक्ष का नाम सामने आ रहा है। इसी राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस सख्त कार्रवाई से बच रही है और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।पहले हुए पोस्टमार्टम में मौत को सामान्य बताया गया था, लेकिन जब पीजीआई चंडीगढ़ में दोबारा पोस्टमार्टम हुआ, तो बॉबी के शरीर पर तीन चोटें मिलने की बात सामने आई है। मृतक के भाई अभिषेक कुमार ने बताया कि डॉक्टरों ने बॉबी के पांव, पसलियों के ऊपर और सिर में चोट होने की पुष्टि की है। इसके अलावा शरीर पर जले हुए निशानों को लेकर डॉक्टरों ने सैंपल लिए हैं, ताकि यह साफ हो सके कि यह तेजाब था या कोई अन्य पदार्थ। परिवार को आशंका है कि बॉबी को करंट लगाया गया है, क्योंकि उसकी जुराब भी जली हुई मिली थी। नन्हेड़ा गांव का रहने वाला बॉबी 25 मई की सुबह घर से यह कहकर निकला था कि वह थोड़ी देर में वापस लौट आएगा। दोपहर करीब 12 बजे भाई अभिषेक से उसकी आखिरी बार बात हुई, जिसमें उसने जल्द घर आने को कहा था, लेकिन इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। देर रात तक वापस न लौटने पर जब परिजनों ने उसके फोन पर कॉल किया, तो एक पुलिस कर्मचारी ने फोन उठाया और बताया कि खेतों में एक शव मिला है।

## सब्जी विक्रेता की हत्या के दोनों आरोपी भाई गिरफ्तार

- 10 रुपये के विवाद में हुई थी संजय सैनी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस की सीआईए-3 टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुंजपुरा रोड पर महज 10 रुपये के मामूली विवाद में सब्जी विक्रेता संजय सैनी की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी सलिंद्र और गौरव आपस में चचेरे भाई हैं और वे गांव दनियालपुर के रहने वाले हैं। दोनों आरोपी कुंजपुरा रोड पर गारमेंट्स की दुकान चलाते हैं।

वारदात वाली रात दोनों आरोपी रोजाना की तरह घर लौट रहे थे और रास्ते में सब्जी खरीदने के लिए संजय सैनी की दुकान पर रुके थे। वहां पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसा में बदल गया। पुलिस ने एक आरोपी सलिंद्र को 28 मई को गिरफ्तार कर कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया था, वहीं दूसरे आरोपी गौरव को 29 मई की शाम गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बूढ़ाखेड़ा निवासी शिवानी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके 44 वर्षीय पिता संजय सैनी मुख्य सड़क पर नाले के पास सब्जी और फल की दुकान लगाते थे। 26 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों आरोपी आए और करीब 210 रुपये के फल-सब्जी खरीदकर 200 रुपये देकर जाने लगे। जब शिवानी ने बाकी के 10 रुपये मांगे, तो वे गाली-गलौज करने लगे।

## छात्रों की सेवा भावना को सराहा

- डीएवी पीजी कॉलेज में एनसीसी, एनएसएस और रेडक्रॉस इकाइयों ने लगाई मीठे पानी की छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नौतपा और भीषण गर्मी के बीच डीएवी पीजी कॉलेज में एनसीसी, एनएसएस एवं रेडक्रॉस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मीठे पानी की छबील लगाकर मानव सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राहगीरों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को गर्मी से राहत पहुंचाने के साथ-साथ युवाओं में सामाजिक सरोकार और सेवा भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

मुख्य अतिथि के रूप में महापौर रेणु बाला गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संजय अरोड़ा उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने छबील सेवा में भाग लेते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन करना भी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा कर सामाजिक संवेदनशीलता का परिचय दिया है। वहीं डॉ. संजय अरोड़ा ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं और उनमें मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं।कॉलेज प्राचार्य एवं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक चेतना के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।




करनाल। डीएवी पीजी कॉलेज में छबील सेवा के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाती महापौर रेणु बाला गुप्ता।

### कंप्यूटर टीचर्स और लैब अटेंडेंट संगठनों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

# रोजगार पक्का करने के लिए 8 को होगा घेराव

- सेवा सुरक्षा अधिनियम-2024 को लागू किया जाए : नरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के कंप्यूटर टीचर्स और कंप्यूटर लैब अटेंडेंट्स ने रोजगार सुरक्षा और नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। करनाल स्थित मानव सेवा संघ में आयोजित बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने आगामी रणनीति पर चर्चा की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 जून को पंचकूला स्थित शिक्षा विभाग मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले 14 वर्षों से रोजगार पक्का करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र प्योंत, कंप्यूटर टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बलराम धीमान तथा कंप्यूटर अध्यापक कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सोनू नरवाल ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षकों और लैब अटेंडेंट्स से विद्यालयों में शिक्षण कार्य के साथ-साथ अधिकांश ऑनलाइन कार्य भी कराया जाता है, लेकिन उन्हें अपेक्षाकृत कम वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा सुरक्षा अधिनियम-2024 को लागू किया जाए, कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड पोर्टल पर अपलोड किया जाए, अवकाश अवधि का वेतन दिया जाए, न्यूनतम वेतन लागू किया जाए तथा स्थायी कर्मचारियों की तरह अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएं।



करनाल। आंदोलन की रणनीति पर चर्चा करते कंप्यूटर टीचर्स और लैब अटेंडेंट संगठनों के पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कर्मचारियों के परिवार सहित प्रदर्शन में शामिल होने का दावा किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार, विशाल कुमार, विनेश कुमार, साहिल, राजेश पाढ़ा और साहिल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### इनेलो कल महंगाई, बिजली-पानी संकट के खिलाफ करेगा प्रदर्शन

**करनाल।** बढ़ती महंगाई, बिजली कटौती और पेयजल संकट को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने एक जून को जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। युवा इनेलो के जिला प्रधान एडवोकेट मनिंद्र सिंह पुनिया ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरेंगे तथा जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजेंगे। भीषण गर्मी के दौर में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में बिजली और पानी की समस्या बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लगातार बढ़ती महंगाई ने परिवारों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में नाकाम रही है।करनाल में प्रदर्शन की शुरुआत सुबह 10 बजे फव्वारा पार्क से होगी।

## न्यूज डायरी

### सीटू ने मनाया स्थापना दिवस, श्रमिक एकता पर जोर

**करनाल।** सीटू का 56वां स्थापना दिवस सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में आयोजित कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सीटू, सर्व कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन तथा अन्य संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभा में वक्ताओं ने कर्मचारियों और मजदूरों से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए चारों लेबर कोड वापस लेने, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित फैसलों की समीक्षा की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन कलरा ने की जबकि संचालन सतपाल सैनी ने किया। इस दौरान लाभ सिंह आर्य, जगमाल सिंह, जगपाल राणा, ओमप्रकाश माटा, सुदेश रानी, कलीराम, नीरू, मनोज कुमार, जाकिर हुसैन, जसबीर सहित अनेक नेताओं ने अपने विचार रखे।

### सावन कृपाल रूहानी मिशन ने लगाई छबील

**करनाल।** सावन कृपाल रूहानी मिशन की करनाल शाखा ने संत दर्शन सिंह जी महाराज के 37वें बरसी भंडारे के अवसर पर संत राजिंदर सिंह जी मार्ग स्थित कृपाल आश्रम के बाहर ठंडे एवं मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों और श्रद्धालुओं की सेवा की। मिशन से जुड़े सदस्यों ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। छबील के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पानी ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। इसी प्रकार मिशन की ओर से देश के विभिन्न राज्यों तथा दिल्ली के अनेक प्रमुख स्थानों पर भी छबील सेवा आयोजित की गई।मिशन के अनुसार संत दर्शन सिंह जी महाराज ने मानव सेवा, आध्यात्मिक जागरूकता और संतमत की शिक्षाओं के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी स्मृति में आयोजित सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में परोपकार और मानव कल्याण का संदेश दिया जा रहा है।

### इबोला वायरस को लेकर हाई अलर्ट

**करनाल।**अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला वायरस के नए प्रकोप को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया है। इसके बाद केंद्र और हरियाणा सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों को विशेष एडवाइजरी जारी कर दी है, जिसके तहत करनाल के सिविल अस्पताल में पुख्ता तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। करनाल के सरकारी अस्पताल के डॉक्टर दीपक ने बताया कि भारत सरकार और हरियाणा सरकार के माध्यम से एडवाइजरी प्राप्त हो चुकी है। निर्देशों का पालन करते हुए अस्पताल में बहुत जल्द 10 बेड का एक विशेष आइसोलेशन वार्ड तैयार कर दिया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए एक डॉक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। हालांकि, राहत की बात यह है कि भारत में अभी तक इबोला का कोई भी कंफर्म केस सामने नहीं आया है। कुछ संदिग्ध मामलों की जांच जरूर की गई थी, लेकिन उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इसके बावजूद देशभर में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### कैंप में की गई 130 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह समिति और कांबोज आवाज मंच द्वारा अर्पणा अस्पताल मधुबन के डॉक्टरों के सहयोग से गांव मुरादगढ़ में दूसरा फ्री मेडिकल चैकअप कैंप लगाया गया। इस मेडिकल चैकअप कैंप में 130 लोगों ने अपने शरीर की जांच कराई। कैंप में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने पहुंचकर शारीरिक जांच करवाकर फ्री दवाइयां प्राप्त की। कुछ मरीजों को जांच के बाद ऑपरेशन के योग्य पाया गया, उन्हें ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। इस मौके पर शहीद उधम सिंह समिति और नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच के अध्यक्ष मेहर सिंह ने कहा कि अर्पणा अस्पताल के सहयोग से लोगों की मांग पर कांबोज आवाज मंच और शहीद उधम सिंह समिति ने फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इस कैंप को लगाने का निर्णय आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और लोगों के शरीर में बढ़ रहे विकारों को देखते हुए जनसेवा की सोच को लेकर लिया गया। उत्साहवर्धक बताया। इस मौके पर कांबोज आवाज मंच के अध्यक्ष प्रदीप कांबोज, अर्पणा अस्पताल की टीम के संयोजक वीरभान सोलंकी, डॉ.नैन्सी कपूर, डॉ एमडी मुकुल सैनी, डॉक्टर प्रवेश कुमार, उषा देवी, आरजू सैनी, बलजीत कांबोज, सुभाष कांबोज, हरी सिंह कांबोज, धर्मराज कांबोज, बलराज व देवेन्द्र आदि उपस्थित रहें।

### 105 बच्चों को वितरित की आवश्यक सामग्री

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय करनाल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत एम.डी.डी. बाल भवन में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान में रह रहे 105 बच्चों को उनकी दैनिक जरूरतों से जुड़ी आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर एम.डी.डी. बाल भवन के संस्थापक पी.आर. नाथ भी उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने बच्चों के साथ समय बिताया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। बैंक समय-समय पर समाजहित से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का कार्य करता रहा है। बाल भवन के संस्थापक पी.आर. नाथ ने इस पहल के लिए पंजाब नेशनल बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोगात्मक प्रयास बच्चों के आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियां जारी रहेंगी।

### एडीजीपी हरदीप सिंह दून को दी सम्मान विदाई

**करनाल/मधुबन।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के नेताजी सुभाष चंद्र बोस दीक्षांत परेड स्थल पर शनिवार को सेवानिवृत्त हो रहे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (टेलिकॉम, ट्रैफिक एवं हाईवे) हरदीप सिंह दून के सम्मान में भव्य विदाई परेड आयोजित की गई। 36 वर्ष से अधिक के गौरवशाली सेवाकाल के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हरदीप सिंह दून को अकादमी की ओर से पूरे सम्मान के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर आठ परेड टुकड़ियों ने हिस्सा लेते हुए उन्हें सलामी दी। समारोह का शुभारंभ हरियाणा पुलिस अकादमी की पुलिस अधीक्षक पुष्पा के स्वागत संबोधन से हुआ, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उप पुलिस अधीक्षक विवेक कुण्डू ने प्रस्तुत किया। निदेशक हरियाणा पुलिस अकादमी कला रामचंद्रन की ओर से पुलिस अधीक्षक बलजिंदर सिंह ने मुख्य अतिथि हरदीप सिंह दून को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदाई परेड के दौरान हरदीप सिंह दून ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ग्रहण की। परंपरा के अनुसार समारोह के अंत में उन्हें फूलों से सुसज्जित खुले वाहन में पुष्पवर्षा के बीच सम्मानपूर्वक मधुबन परिसर से विदा किया गया।

### अपराध नियंत्रण और नशा मुक्ति पर फोकस

**करनाल।** पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल अशोक कुमार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक विषयों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न प्रकार के अपराधों की रोकथाम और आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, सहायक पुलिस अधीक्षक दीपिका अग्रवाल सहित जिले के सभी उप पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस महानिरीक्षक ने संगठित अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, साइबर ठगी, इमीग्रेशन धोखाधड़ी, हिंसात्मक घटनाओं, सड़क सुरक्षा तथा नशा मुक्ति अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर भी जोर दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा गांवों और शहरी वार्डों में नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। साइबर अपराध और इमीग्रेशन धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान करने पर भी बल दिया गया।

### प्रवेश गाबा बने प्रधान, सर्वसम्मति से नियुक्तियां

**करनाल।** सामाजिक संस्था सुख-दुख दे साथी सभा की बैठक में वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। यह प्रक्रिया संस्था के चेयरमैन राकेश खन्ना तथा डायरेक्टर सुभाष गांधी और हितेश मनोचा की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में प्रवेश गाबा को संस्था का प्रधान चुना गया। इसके अलावा देवराज अनेजा, अयन जग्गिया, दीपक शर्मा, अमित ढींगड़ा, नवनीत अरोड़ा और महेंद्र अरोड़ा को उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। हरसिमरन वधवा को महासचिव तथा नरेश भाटिया को सचिव नियुक्त किया गया। रोशन कपूर और जोगिंद्र भाटिया को उप सचिव, मोहित चावला को कोषाध्यक्ष तथा जतिन गाबा को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया।

### योगासन प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में योगासन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के नेतृत्व तथा योग क्लब सदस्य प्रो डिंपल के देखरेख में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से तहसील प्रभारी, पतंजलि योगपीठ डॉ. बलराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने विद्यार्थियों को हलासन, भुजंगासन,नटराज आसन,आकरण धनुरासन आदि योगासन करवाए गए। जिसमें लगभग 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों अभिषेक एम कॉम अंतिम वर्ष, सौरभ बीए अंतिम वर्ष तथा यश बीकॉम द्वितीय वर्ष को ब्लॉक स्तरीय व जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए नामांकित किया गया।

## खबर संक्षेप

### आईबी कॉलेज में प्रवेश का अंतिम तिथि आज

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026.27 के विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। डीजीएचई पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित है। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने बताया कि आईबी पीजी कॉलेज को राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा गोल्ड कैटेगरी में एनईपी.2020 इम्प्लीमेंटेशन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

### जनसेवा दल का मासिक राशन वितरण संपन्न

**पानीपत।** जनसेवा दल द्वारा जून माह का मासिक राशन वितरण सेवा समारोह सिविल अस्पताल स्थित जनसेवादल कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी कार्डधारियों को आटा दस किलो, चावल पांच किलो, चीनी एक किलो, दाल एक किलो, सरसों का तेल एक लीटर, नारियल तेल एक शीशी प्रदान करने के बाद सभी को लंगर प्रसाद प्रदान किया गया व भीषण गर्मी को दृष्टिगत सभी के लिए रूह अफजा युक्त शीतल जल की भी व्यवस्था की गई। आज का राशन वितरण पूर्व विधायक स्व. फतेह चंद विज एवं पूर्व प्रधान स्व. कैलाश ग्रोवर की स्मृति दिवस पर विज परिवार की ओर किया गया। समारोह में समाजसेवी राहुल विज सपरिवार व ग्रोवर परिवार से कपिल ग्रोवर सपरिवार पहुंचे।

### कवी गांव को मंत्री ने टैंकर व लोहे के बैंच किए समर्पित

# हर गांव की गली तक विकास पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : कृष्ण लाल

गांव के लिए उपलब्ध कराए गए पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। झंडी दिखाकर टैंकर को रवाना करते मंत्री कृष्ण लाल पंवार ।


पानीपत। ग्रामीणों को संबोधित करते मंत्री कृष्ण लाल पंवार ।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज जिले के गांव कवी में जिला परिषद के तत्वावधान में आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्रामीणों को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने गांव के लिए उपलब्ध कराए गए पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा लोहे के बैंच ग्रामीणों को समर्पित किए।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय में अकेले कवी गांव में लगभग 9 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं। इनमें गलियों, सडक़ों, पावर हाउस और अन्य आधारभूत ढांचे से जुड़े अनेक कार्य शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल विकास कार्य करवाना नहीं, बल्कि हर परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। गांव, गली, गरीब, किसान, महिला और युवा हमारी नीतियों के केंद्र में हैं। हर गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीण क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाओं से जोडऩा भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी और किसी भी गांव को सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण सुरक्षा को मजबूत करने के लिए गांवों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर भी तेजी से सरकारी द्वारा कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें राजनीतिक भागीदारी में अधिक अवसर दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के माध्यम से जिला के हर गांव में लगभग 2 हजार लोहे के बैंच वितरित किए जायेंगे तथा इसी कड़ी में 100 पानी के टैंकर विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपलब्ध कराए जायेंगे। जिनमें से आज जिला परिषद के वार्ड नंबर एक, दो, तीन व चार के लिए 22 टैंकर वितरित किए गए। उन्होंने सलम एरिया में इनका इस्तेमाल करने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव की विभिन्न मांगें मंत्री के समक्ष रखीं, जिनके समाधान का उन्होंने आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार का पगड़ी पहना कर बुके और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन ज्योति शर्मा उपस्थित रहे।

#### साझा बाजार स्थापित कर रही सरकार

मंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 60 हजार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार प्रत्येक जिले में साझा बाजार स्थापित कर रही है। जिससे उन्हें अपने उत्पादों के विपणन का बेहतर मंच मिल सके। पानीपत जिले में भी इसकी शुरुआत हो चुकी है। मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में लगभग 19 हजार तालाबों का सर्वे करवाया गया है और उनके जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में फिरनियों और कच्चे रास्तों को पक्का किया जा रहा है। जिससे लोगों को बेहतर आवागमन सुविधाएं मिल सकें।

#### फिरनी पर लाइट की व्यवस्था की गई

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में फिरनीओ पर लाइट की व्यवस्था की गई है। प्रदेश की लगभग 90 प्रतिशत चौपालों का नवीनीकरण किया जा चुका है। जिन ग्राम पंचायतों द्वारा भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। वहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी भी स्थापित की जाएंगी। इन पुस्तकालयों में पुस्तकों की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी। इन्हें पूरी तरह वातानुकूलित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न गांवों में महिलाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्र भी विकसित किए जा रहे हैं। जहां संगीत सहित विभिन्न गतिविधियों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिला परिषद के माध्यम से जिला के हर गांव में लगभग 2 हजार लोहे के बैंच वितरित किए जाएंगे।


पानीपत। डा.अर्चना गुप्ता का स्वागत करते दिनेश पुजारा ।

### डा.अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में लगेंगे संगठन को पंख

**पानीपत।** भाजपा किसान मोर्चा हरियाणा के प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा के नेतृत्व में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं दिनेश पुजारा ने बताया कि पानीपत के लिए गर्व की बात है कि हरियाणा भाजपा की चौधर डा.अर्चना गुप्ता के रूप में पानीपत की धरा पर आई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को समाज में प्रत्येक वर्ग में सशक्त कर देश की मुख्यधारा में लाना है और हरियाणा के इतिहास में दुसरी बार 43 वर्षों के बाद भाजपा में महिला को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अब भाजपा के संगठन में पंख लगेंगे और संगठन मजबूत होगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स, मन्डल उपाध्यक्ष रमेश खन्ना, कुलदीप कौशिक, विरेन्द्र राणा, विशु सैनी, प.सुदर्शन बबैल, शराफत खोतपुरा, अनवर रावल व महावीर दहिया आदि मौजूद रहे।

### डीएलएसए वर्षा शर्मा ने किया निरीक्षण

**पानीपत।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह.अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी गोपाल शर्मा के निर्देशानुसार आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत की ओर से रेस्ट हाउस स्थित रनअवे कपल्स हेतु बनाए गए प्रोटेक्शन होम का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय प्रोटेक्शन होम में एक दम्पति निवासरत पाया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव डीएलएसएए वर्षा शर्मा द्वारा उक्त दम्पति से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम एवं किसी प्रकार की समस्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। दम्पति द्वारा किसी प्रकार की शिकायत अथवा समस्या नहीं बताई गई।

## पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए अब यात्रा ईवी से करेंगे भाजपा नेता : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। अपनी ईवी गाड़ी के साथ भाजपा नेता नवीन भाटिया ।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान से प्रेरित होकर और पेट्रोल डीजल पर अपनी निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया स्वदेश में निर्मित महिंद्रा इलेक्ट्रिक कार ईवी खरीदी है। पर्यावरण संरक्षण का कड़ा संदेश देते हुए उन्होंने बताया है कि अब वे अपनी यात्राएं इसी इलेक्ट्रॉनिक कार के माध्यम से करेंगे। नवीन भाटिया ने बताया कि यह उनके लिए महज एक नया वाहन नहीं है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त भारत ग्रीन भारत की दिशा में उठाया गया एक संकल्प है। कहा कि मुझे इस बात की अत्यंत खुशी और गर्व है कि महिंद्रा जैसी हमारी अपनी भारतीय कंपनियां आज इतनी बेहतरीन और विश्वस्तरीय इलेक्ट्रिक गाडियां बना रही हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने क्षेत्रवासियों और आम जनमानस से भी पर्यावरण हित में एक विशेष अपील करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर पेट्रोल.डीजल का उपयोग कम करें और अपने पर्यावरण को आने वाली पीढिय़ों के लिए सुरक्षित रखें।

## नेशनल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के बोर्ड ऑफ स्टडीज ऑपरेशंस के तत्वावधान में नेशनल टैलेंट सर्च 2026-27 के ब्रांच स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आईसीएआई भवन एससीओ 7-8, सेक्टर.25 ट्रांसपोर्ट नगर में किया गया। जिसका संचालन पानीपत शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सीए भूपेंद्र दीक्षित चेयरमैन आईसीएआई पानीपत शाखा, सीए जितेन्द्र बंगा वाइस चेयरमैन, सीए रजनी गोयल सेक्रेटरी तथा सीए कंवरदीप सिंह चेयरमैन पानीपत के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वयन में सीए दीपिका अरोड़ा एवं सीए आयुषी खन्ना का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें वाद.विवाद, भाषण कला, वाद्य संगीत, क्विज, पिच डेक प्रतियोगिता शामिल थी। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायकों सीए विमल गोयल, सीए हिमांशु ग्रोवर, सीए गोविंद मिश्रा एवं सीए इटिशा जैन द्वारा किया गया। शाखा चेयरमैन सीए भूपेंद्र दीक्षित ने कहा कि नेशनल टैलेंट सर्च विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ.साथ सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं नेतृत्व संबंधी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर सीए जितेन्द्र बंगा, रजनी गोयल, कंवरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।


पानीपत। मुख्य अतिथि रतन सिंह रावल को सम्मानित करते हुए पत्रकार।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बापौली में गोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार

**बापौली।** हिंदी पत्रकारिता के 200 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर आज बापौली के जलालपुर रोड स्थित राजू रावल प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय में मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन की जिला इकाई के तत्वावधान में पत्रकारिता और वर्तमान चुनौतियां विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में पत्रकारिता के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट रत्न सिंह रावल ने हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद लाहोट और जिलाध्यक्ष मदन बरेजा ने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला।

### ड्रेन नं.2 बनी खनन माफिया का एटीएम, अधिकारी मौन

# सरकार को लग चुका 2 करोड़ से ज्यादा की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। ड्रेन नं. 2 में अवैध खनन का दृश्य । फोटो : हरिभूमि

पानीपत की ड्रेन न.2 अब केवल गंदे पानी की निकासी के लिए नहीं बल्कि अवैध खनन माफि या का एटीएम बन चुकी है। ड्रेन में पिछले एक पखवाड़े से जेसीबी से ड्रेन के सीने को छलनी किया जा रहा तथा डपरों का काफिला मिट्टी ले जाने के काम में लगा हुआ है वो भी दिन दिहाड़े। ड्रेन का तल 8 से10 फीट तक खोद दिया गया है, लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। जिससे आने वाले समय में साथ लगते ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गांव बबैल व कुराड़ के किसानों का आरोप है कि अवैध खनन के कारण ड्रेन की पटड़ी कमजोर हो गई है। बरसात में ड्रेन में बरसात के दिनों में पानी आने पर साथ लगते गांवों व खेतों में पानी भरने का पूरा खतरा है। बता दें कि ड्रेन न.2 में गांव बबैल व कुराड़ के बीच एक पुल का निर्माण किया जा रहा है जो लगभग पूरा भी हो चुका पर उसकी आड़ में यह मिट्टी के अवैध खनन का यह कार्य धड़ल्ले से जारी है। सूत्रों की माने तो 125 डंपर मिट्टी उठाने की परमिशन ली गई थी जबकि एक पखवाड़े में हजारों डंपर मिट्टी उठाई जा चुकी है।

#### ड्रेन से 1 इंच मिट्टी निकालना भी गैर कानूनी

नियम कहते हैं ड्रेन से 1 इंच मिट्टी निकालना भी गैर कानूनी है। फिर भी जेसीबी और पोकलेन मशीनें खुलेआम चल रही हैं। हैरानी की बात तो यह है कि जब इस बारे में पानीपत के खनन अधिकारी विनय शर्मा से बात कर उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो फोन नहीं उठाया वो भी एक दिन नहीं 3 दिन तक प्रयास किया पर अधिकारी महोदय ने बात करना उचित नहीं समझा। जिसके यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि करोड़ों के इस खेल में कुछ मलाई उन्हें भी प्राप्त हुई होगी। हरियाणा माइनिंग पॉलिसी के अनुसार रेत या मिट्टी का रॉयल्टी 70 रुपये प्रति टन है। ड्रेन से रोजाना करीब 200 डंपर मिट्टी निकल रही है। हिसाब लगाएं तो सरकार को रोज 15 करीब लाख रुपये का नुकसान। मतलब 15 दिन में 2 करोड़ से ज्यादा का राजस्व डूब चुका है। एनजीटी के आदेश हैं कि ड्रेन, नहर, तालाब से खनन पूर्ण प्रतिबंधित है। वहीं हाल ही में सरकार ने जुर्माना भी दोगुना कर दिया है फिर भी पानीपत में यह खुला खेल चल रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिना प्रशासन की मिलीभगत के ड्रेन से अवैध खान कैसे हो रहा है। वहीं इस बारे में थाना सनौली प्रभारी अजय का कहना है कि उन्हें इस बारे में पता नहीं था अब मौके पर जांच की जाएगी तथा उचित कार्रवाही की जाएगी।

### छात्रा के साथ दुष्कर्म पुलिस जांच में जुटी

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन क्षेत्र में 10वीं क्लास की 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को अगवा कर रेप किये जाने का मामला सामने आया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी 14 साल की बेटी मॉडल टाउन के एक स्कूल में 10वीं कक्षा की छात्रा है। ईदगाह कॉलोनी का रहने वाला नितिन काफी समय से उनकी बेटी का स्कूल आते-जाते समय पीछा करता था और परेशान करता था। पिता ने बताया कि गत 20 मई को वो छात्रा को जबरन अपने साथियों के साथ ले गया और उसके साथ रेप कर उसे बदहवास हालत में रामलाल चौक पर फेंक गए साथ ही धमकी भी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की तो वो उसके पूरे परिवार को खत्म कर देगा।

## न्यूज डायरी


पानीपत। फतेहचंद विज की पुण्यतिथि पर छबील लगाते भाजपा कार्यकर्ता।

### स्व. विधायक फतेह चंद विज को किया नमन

**पानीपत।** संयुक्त पंजाब के समय जनसंघ के पहले विधायक एवं पानीपत से पांच बार विधायक रहे फतेहचंद विज की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं भाजपा हरियाणा परिवार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि के इस क्रम में पानीपत शहर विधानसभा के पाँचों मंडल के कार्यकर्ताओं ने भी एवं विधायक प्रमोद विज के पुत्र राहुल विज ने अपने दादा को जनसेवक के रूप में याद करते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों पर पानी के छबील की सेवा दी एवं जन सेवा दल में स्व.फतेहचंद विज को श्रद्धांजलि देते हुए गरीबों को अन्न वितरण का कार्य किया। जनसेवा का यह कार्यक्रम तहसील कैंप स्थित फतेहपुरी चौक, 8 मरला चौक, गौशाला गोहाना रोड, सेक्टर 12 एवं सनौली रोड पर भीम गोडा मन्दिर के नजदीक रखा गया था। जहां पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को गर्मी के मौसम में मीठा एवं ठंडा जल पिलाकर सेवा की। राहुल विज ने कहा कि उनके दादा जीवनपर्यंत पनीपत के लोगों की जनसेवा हेतु कार्यरत रहे।


पानीपत। राहगिरों को मीठा पानी पिलाते सावन कृपाल रूहानी मिशन के सदस्य।

### संत दर्शन सिंह की 37वीं पुण्य पर लगाई छबील

**पानीपत।** सावन कृपाल रूहानी मिशन के मार्गदर्शन में संत दर्शन सिंह जी महाराज की 37वीं पुण्य स्मृति श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाई गई। इस अवसर पर कृपाल आश्रम बरसत रोड नूरवाला, संत राजिंदर आश्रम असंध रोड आदि विभिन्न आश्रमों में विशेष मेडिटेशन, सत्संग एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। सत्संग में संत दर्शन सिंह जी महाराज के जीवन, उपदेशों और मानवता के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए सभी आश्रमों में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। यह सेवा महाराज जी की उस शिक्षा को चरितार्थ करती है कि प्यासे को पानी पिलाना, दुखी का सहारा बनना और बिना किसी स्वार्थ के सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। कार्यक्रम में उपस्थित संगत ने संकल्प लिया कि संत दर्शन सिंह जी महाराज के बताए प्रेम, सेवा, सिमरन और सदाचार के मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारे, करुणा और मानव कल्याण का संदेश फैलाएंगे।

### नशा मुक्ति व ओएसटी सेंटर का किया निरीक्षण



**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीजेएम.सह.सचिव डीएलएसए वर्षा शर्मा ने आज सिविल अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य केंद्र में नशा मुक्ति उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान सभी ओपीडी रजिस्टरों की गहन जांच की गई, जो विधिवत संधारित पाए गए। केंद्र में कुल 65 मरीज उपचार हेतु पहुंचे। इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा सिविल अस्पताल स्थित ओएसटी सेंटर एचआईवी विभाग का भी निरीक्षण किया गया। जहां मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया। ओएसटी सेंटर में कुल 125 मरीज पहुंचे। निरीक्षण के दौरान केंद्र में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन एवं सेवाओं के सुचारू संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। सचिव ने केंद्र में कार्यरत काउंसलरों एवं स्टाफ नर्सों से भी संवाद किया।


पानीपत। भंडारे में प्रसाद की सेवा करते हुए पवन ठेकेदार ।

### पूर्णिमा पर गढ़ी में विशाल भंडार लगाया

**पानीपत।** गांव गढ़ी में स्थित प्राचिन मंदिर में आज समस्त ग्रामीण के सहयोग से श्री 108 बाबा शक्ति दास जी महाराज कें आशीर्वाद से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सेवक पवन ठेकेदार ने बताया कि लंबे समय से मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर विशाल भंडारा आयोजित किया गया था। भंडारे में हजारों श्रद्धांलुओं नें प्रसाद ग्रहण किया। सेवक पवन ठेकेदार ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, श्रद्धा और संस्कृति को मजबूत करते हैं। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों को इस सफल आयोजन को सराहा। इस अवसर पर सरपंच रविंद्र सुधा पूर्व सरपंच कंवरभान सिंह, एडवोकेट प्रकाश गाहल्याण, विनोद पहलवान, तेजी पहलवान, ज्ञानी पहलवान, अनिल बेनीवाल, सुखबीर फौजी, महाबीर, रघुबीर, चौ.विजय सिंह, रोहित, मोहित, कृष्ण, बबला, नरेश आदि मौजूद रहे।

### आर्य वीर व वीरांगना शिविर सम्पन्न


पानी। शिविर के समापन पर करतब दिखाती छात्रा ।

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में 6 दिवसीय सर्वदेशिक आर्य वीर दल एवं आर्य वीरांगना दल शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की पुण्यतिथि महान स्वतंत्रता सेनानी राष्ट्रवादी नेता समाज सुधारक और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती और विश्व एवरेस्ट दिवस मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधक सुखबीर सिंह आर्य रहे। हरियाणा आर्य वीर दल के उप संचालक सुरेश आर्य, राजेश आर्य, विवेक आर्य, ओम दत्त आर्य, कोषाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की। प्रदेश स्तर के कुल 12 कार्यक्रम आर्य वीर दल के वीरों और वीरांगनाओं ने दिखलाए। कुरुक्षेत्र गुरुकुल से आए शिक्षक जयराम आर्य, महावीर आर्य, विद्यालय के योग अध्यापक प्रवीन आर्य, सोनीपत के शिक्षक कनिष्क आर्य, प्रीति आर्या, उप प्राचार्य जगदीश आर्य, समन्वयक आशा अरोड़ा, दीप्ति और आचार्य राजकुमार शर्मा का विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने आभार व्यक्त किया।


पानीपत। तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाते बीके अंजना।

### तंबाकू मृत्युदाता है, कैंसर की माता है : बीके अंजना

**पानीपत।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सैक्टर 25 स्थित सेवाकेंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आज संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य संचालिका बीके अंजना रही। मुख्य वक्ता बीके मोनिका संचालिका सिवाह ने इस व्यसन को छोडऩे कि कई मुख्य बातों से सभी का मार्ग दर्शन कराया और प्रतिज्ञा भी कराई। मुख्य अतिथि डा.राज सेतिया ने अपने अनुभव द्वारा वयसन मुक्त जीवन की मुख्य सुर्खियों पर प्रकाश डाला। वहीं बीके अंजना ने राजयोग मेडटेशन के माध्यम से इस नशे को दूर भागने कि विधि समझाई और मैडिटेशन कराया। इस अवसर पर प्रोमिला नांदल, शान्ति भूटानी, उषा गोयल, शील माटा, शालू, शैला गर्ग, रमेश रविन्दर नांदल, बलदेव वर्मा, सत्यप्रकाश पालीवाल, दिलबाग सैनी, ओम प्रकाश सेतिया, कर्मबीर त्यागी, सुभाष गोयल, सचिन आदि मौजूद रहे।

